भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †2400

सोमवार, 3 अगस्त, 2026/12 श्रावण, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

लद्दाख में बकव्हीट पुष्प महोत्सव का आयोजन

†2400. श्री मोहम्मद हनीफ़ा:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने लद्दाख में पर्यटन और स्थानीय आजीविका को बढ़ावा देने में खुबानी पुष्प महोत्सवों (एप्रिकॉट ब्लॉसम फेस्टिवल्स) की सफलता को संज्ञान में लिया है;

(ख) क्या सरकार का विचार कृषि-पर्यटन, पारंपरिक कृषि, स्थानीय व्यंजन, हस्तशिल्प और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए इसी तर्ज पर लद्दाख के तुरतुक में बकव्हीट पुष्प महोत्सव (बकव्हीट फ्लावर फेस्टिवल) के आयोजन में सहायता करने का है;

(ग) क्या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन, स्थानीय समुदायों और स्व-सहायता समूहों (एसएचजी) के सहयोग से ऐसे महोत्सवों को आयोजित करने के लिए कोई वित्तीय या तकनीकी सहायता प्रस्तावित है;

(घ) क्या ऐसे किसी महोत्सव को आयोजित करने के लिए स्वदेश दर्शन योजना (एसडीएस), चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) या किसी अन्य पर्यटन योजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता दी जा सकती है; और

(ङ) स्थानीय समुदायों के लिए टिकाऊ आजीविका उत्पन्न करने हेतु लद्दाख के दूरस्थ सीमावर्ती क्षेत्रों में फसल-आधारित पर्यटन उत्सवों को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ङ): संघ राज्यक्षेत्र लद्दाख अपने क्षेत्र की बागवानी की समृद्ध विरासत, पारंपरिक व्यंजन, हस्तशिल्प, लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए खुबानी पुष्प महोत्सव और बकव्हीट पुष्प महोत्सव का आयोजन करता है। संघ राज्यक्षेत्र ने सूचित किया है कि इन महोत्सवों ने पर्यटकों के आगमन में वृद्धि करने, स्थानीय उद्यमिता के माध्यम से आजीविका के अवसर उत्पन्न करने और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने में योगदान दिया है, जिससे स्थानीय समुदायों के सामाजिक-आर्थिक विकास में सहायता मिली है।

पर्यटन मंत्रालय योजना के दिशानिर्देशों और निधियों की उपलब्धता के अधीन, मेलों, महोत्सवों और पर्यटन-संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन एवं प्रचार (डीपीपीएच)

योजना के तहत राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) प्रदान करता है। संघ राज्यक्षेत्र लद्दाख से खुबानी पुष्प महोत्सव या बकव्हीट पुष्प महोत्सव के लिए वित्तीय सहायता मांगने से संबंधित कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

इसके अतिरिक्त, मंत्रालय स्वदेश दर्शन योजना और चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) योजना के अंतर्गत राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों को गंतव्यों पर पर्यटन अवसंरचना और आगंतुक सुविधाओं के विकास के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है। ये योजनाएँ महोत्सवों या कार्यक्रमों के आयोजन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान नहीं करती हैं।

*****